लेआऊट प्लॅन - **निष्कलंक धाम**




**सत्पंथ चॅरिटेबल ट्रस्ट,**
फैजपूर, क्षेत्र वढोदा (प्र. सावदा), ता. यावल, जि. जलगाव.

www.satpanth-jm.com nishkalankdham@gmail.com janardan.maharaj@gmail.com
shreejanardanjimaharaj.faizpur janardanmaharajfaizpur janardan.maharaj

साईट प्लॅन - **निष्कलंक धाम**




www.malhar.org

BACK



सत्पंथ चॅरिटेबल ट्रस्ट, फैजपूर निर्मित

# निष्कलंक धाम

परम पिता परमात्मा के अधिष्ठान हेतु निर्मित एक निर्मल धाम...

FRONT





FRONT INNER

# परोपकारः पुण्याय

इसी सद्विचार के आधार पर सत्पंथ चॅरिटेबल ट्रस्ट की निंव रखी है।

**इसका लक्ष्य है:**

"व्यसनमुक्त निरोगी, सशक्त समाज का निर्माण कर, संस्कार एवम् संस्कृती को बढ़ावा देना, समाज में समरसता बनाए रखते हुए सांप्रदायिक सद्भावनाओं को जगाकर लोकाभिमुख और जनहित में समर्पित कार्य कर अध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रेसर होना !"





३.५ एकड़ में फैला निष्कलंक धाम एक नजर में...

# सादर हरि स्मरण...

सत्पंथ चॅरिटेबल ट्रस्ट, फैजपूर एक पंजिकृत संस्था है, जो राष्ट्र, धर्म तथा समाज के विभिन्न घटकों को प्रेरित करने में सहायता करती है । आध्यात्मिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा संगीत, कृषि, आयुर्वेद, स्वास्थ्य चिकित्सा जैसी सकारात्मक गतिविधियों और निराधार की सेवा, गो-सेवा को बढ़ावा देने हेतु इसकी स्थापना वर्ष २०१६ में एक सकारात्क समूह द्वारा की गयी है। नियोजित कार्य को विकसित कर स्थायी रूप प्रदान करने हेतु संस्था ने ३.५ एकड़ निष्कलंक धाम नामक रचनात्मक निर्माण की बड़ी सुंदर योजना बनाई है। इसी योजना की संक्षिप्त जानकारी यहाँ दे रहे है ; ताकि आप सभी महानुभाव इस सत्कार्य में अपना योगदान दे पाएँ। इस कार्ययज्ञ में आप सभी पवित्र आत्माओं का हृदयपूर्वक स्वागत है।



**अध्यक्ष**
महामंडलेश्वर स्वामी
**श्री जनार्दन हरि जी महाराज**
सत्पंथ चॅरिटेबल ट्रस्ट, फैजपूर

सत्पंथ चॅरिटेबल ट्रस्ट, फैजपूर आयकर अधिनियम 80 G के अंतर्गत पंजिकृत है।



'तुलसी भवन' की दर्शनीय वास्तु



## तुलसी भवन

विशाल क्षेत्र में निर्माणाधीन **तुलसी भवन** विशेषत: शैक्षणिक, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि कार्यों को बढावा हेतु तथा सम्मेलनों के सुचारु रूपसे आयोजन हेतु बनाया जाएगा। इस भवनके चार हिस्से होंगे
१) रंगमंदिर - एक परिपूर्ण हॉल २) सत्पंथ दर्शन ३) प्रसादालय ४) भक्त निवास

### १. रंगमंदिर

१००० से १२०० लोगों के एकसाथ बैठने लायक व्यवस्था, इस **रंगमंदिर** में की जाएगी ८०० स्क्वेअर फीट यानी (४०फीट बाय २०फीट) का विशाल मंच (स्टेज) यहाँ बनाया जाएगा। पूर्णत: वातानुकूलित इस हॉल में स्टेज के बग़ल में ग्रीन रुम, आरामदायी आसन व्यवस्था, आकर्षक सजावट के साथ साथ आधुनिक ध्वनि व प्रकाश नियोजन की भी व्यवस्था की जाएगी। जिसका उपयोग मुख्यत:

- छात्रों को मार्गदर्शक कार्यक्रम
- आध्यात्मिक प्रवचन, कथाएँ, धार्मिक अनुष्ठान, सामुहिक नामस्मरण, भजन परायण
- युवा शिविर के कार्यक्रम
- बालसंस्कार, गर्भ संस्कार, योगशिविर, व्यसनमुक्ति शिविर, पालकशिविर, युवाशिविर
- डॉक्टर्स, इंजिनिअर्स, वकील, शिक्षक, प्राध्यापक, किसान तथा सभी कलाक्षेत्रों के कलाकारों का सम्मेलन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत, नाटक एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के लिए विशेष रूप से किया जाएगा।



| | |
|---|---|
| ■ **तुलसी भवन** | **30,900 Sq.Ft.** |
| • रंगमंदिर | 9,100 Sq.Ft. |
| • ग्रीन कक्ष २ | 350 Sq.Ft./Room |



सत्पंथ की समग्र जानकारी देता 'सत्पंथ दर्शन'







## २. सत्पंथ दर्शन

तुलसी भवन के निचली मंज़िल पर **सत्पंथ दर्शन** बनाने की योजना है। जिसमें धाम में पधारनेवाले भाविकों को सत्पंथ परंपरा की समग्र जानकारी चित्र प्रदर्शनी तथा ऑडियो, व्हिडीओ, चलचित्र द्वारा दी जाएगी। साथ ही इस धाम के उद्देश्यों से अवगत कराना, भाविकों को आनंदमय जीवन जीने की कला की जानकारी देना ऐसी कई गतिविधियाँ यहाँ कार्यान्वित की जाएँगी।

## ३. प्रसादालय

करीबन ५०० से ७०० लोगों को एकसाथ भोजन करने हेतु अत्याधुनिक **प्रसादालय** का निर्माण किया जाएगा। यहाँ स्वच्छता और शुद्धतापर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहाँ स्टील के टेबल्स और कुर्सियों की व्यवस्था की जाएँगी। पाक सिद्धता के लिए आधुनिक साधन सामग्री से सुसज्ज पाकशाला और विशाल भंडारगृह भी बनाए जाएँगे। वॉश बेसिन्स, वॉशिंग एरिया और स्वच्छ पेय जल आदि की भी परिपूर्ण व्यवस्था यहाँ की जाएगी।

## ४. निवास व्यवस्था

तुलसी भवन के ऊपर दोनों मंज़िलों पर निवास व्यवस्था की जाएगी। दोनों मंज़िलों पर कुल ३५० चौरस फीट के कुल ८ कमरों का निर्माण किया जाएगा। हर कमरे में ५ से ६ व्यक्तियों की आरामदायी निवास व्यवस्था हो पाएँगी। हर कमरे में स्वतंत्र रूप से स्नानगृह तथा प्रसाधन गृह की व्यवस्था रहेगी। सुविधा हेतु लिफ्ट की भी सुविधा करवायी जाएगी।



| | |
|---|---|
| ■ **सत्पंथ दर्शन** | **6,110 Sq.Ft.** |
| • प्रसादालय | 6,110 Sq.Ft. |
| • निवासी कक्ष ८ | 350 Sq.Ft./Room |




कलात्मक 'संगीत महाविद्यालय'









## संगीत महाविद्यालय

भारतीय शास्त्रीय संगीत विश्व में अपनी अलग पहचान है। पाश्चात्य संगीत के चलते इसे भुला दिया जा रहा है। यही सोचकर यहाँ एक संगीत महाविद्यालय बनाने की योजना है। जिसमें छात्र शास्त्रीय गायन-वादन, नृत्य तथा नाट्य की संपूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

**विशेषता :** विशाल ३ मंजिली इमारत में इस संगीत महाविद्यालय का विस्तार किया जाएगा। निचली दो मंज़िली इमारत में छात्रों के अध्ययन के लिये कुल बारह कमरे निर्माण किए जाएँगे। जिसमें व्यवस्थापन कक्ष, अध्यापक कक्ष, वाद्यवृंद कक्ष, लाईब्रेरी आदि की व्यवस्था होगी। उपरी मंजिल पर ऑडिटोरियम बनेगा।

## ऑडीटोरियम

संगीत महाविद्यालय इमारत की उपरि मंज़िल पर ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। इसे विविध सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बनाया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों को सभाधीटता (स्टेज डेअरिंग) के लिए व्यासपीठ उपलब्ध होगा। संगीत रजनी, सुविख्यात कलाकारों की महफिल के लिए यह ऑडीटोरियम महत्वपूर्ण होगा। पूर्णतः वातानुकूलीत इस ऑडिटोरियम में ध्वनि-संयोजन तथा प्रकाश संयोजन की परिपूर्ण सज्जता की जाएगी। यह भवन पूर्णतः साऊंड प्रूफ होगा, जिसमें एकसाथ ३०० लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी।



| | |
|---|---|
| ■ **संगीत महाविद्यालय** | **13,100 Sq.Ft.** |
| • ग्राउंड फ्लोअर ६ कक्ष | 330 Sq.Ft./Room |
| • पहली मंजिल ६ कक्ष | 330 Sq.Ft./Room |
| • ऑडिटोरियम | 3,100 Sq.Ft. |



हरियाली के बीच 'पंचकर्म चिकित्सालय'

# पंचकर्म चिकित्सालय

**धर्मार्थ काममोक्षाणां आरोग्यं मूलमूत्तमम्** इसी उक्ति के अनुसार सभी बिमारियों मे गुणकारी आयुर्वेदीय चिकीत्सा पर आधारित पंचकर्म चिकित्सालय का निर्माण किया जाएगा। यहाँ स्वतंत्र रूप से औषधालय और चिकित्सा कक्षों के साथ साथ चिकित्सा के अनुसार उचित आहार-विहार के लिये पाककक्ष तथा भोजन कक्ष का भी निर्माण किया जाएगा। पंचकर्म चिकित्सा के अलावा यहाँ पर निसर्गोपचार, ॲक्युप्रेशर, ॲक्युपंक्चर, चुंबकचिकित्सा, रंगचिकित्सा जैसी सेवाएँ भी उपलब्ध होगी। पूर्णतः शरीरशुद्धि के लिए निवासी पंचकर्म तथा अन्य शिविरों का आयोजन होगा। पंचकर्म चिकित्सालय में कुल २७ कमरे होंगे, स्वतंत्र रूप से स्नानगृह और प्रसाधन गृह की व्यवस्था होगी।








| | | |
|---|---|---|
| ■ **पंचकर्म चिकित्सालय** | | **10,400 Sq.Ft.** |
| • चिकित्सालय | ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |
| • पहली मंजिल | ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |
| • दूसरी मंजिल | ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |




जीने का आनंद देता 'आनंदाश्रम'

## आनंदाश्रम

सब कुछ होते हुए भी अगर ममता और वात्सल्य देने वाला कोई ना रहे तो आदमी का जीवन ही बेकार हो जाता है। इसी लिए निराधार, नि:संतान अकेले जीवों के लिए 'आनंदाश्रम' निर्माण की अनूठी योजना बनायी है। इस आनंदश्रम में निवास हेतु २४० स्के.फुट के कुल २७ कमरों को बनाये जाँएगे। बेसहारा लोगों का एक परिवार बसाकर उनको सहारा प्रदान करने का अनोखा प्रयास होगा। जो पवित्र और शुद्ध वातावरण में जीने की इच्छा और अपना शेष जीवन सुख शांति तथा समाधानपूर्वक जीना चाहते है, साधना करना चाहते है, वे यहाँ अत्यल्प शुल्क देकर निवास कर पाएँगे ।

जो शुल्क ना दे पाए उनके लिये एक अनोखी योजना बनाई गयी है वे विविध कार्य तथा उपक्रमो में अपनी सेवा दे पाएँगे। सात्त्विक भोजन, दवाइयाँ और अन्य सेवाएँ यहाँ उन्हे उपलब्ध करवायी जाएँगी।







| | |
|---|---|
| ■ **आनंदाश्रम** | **10,400 Sq.Ft.** |
| • कार्यालयिन गतीविधी ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |
| • निवास पहली मंजिल ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |
| • निवास दूसरी मंजिल ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |




सुख की अनुभूति देता 'भक्त निवास'

## भक्त निवास

निष्कलंक धाम में 'भक्त निवास' की अलग इमारत बनायी जाएँगी। निष्कलंक धाम में आयोजित विविध कार्यक्रमों में सम्मिलित होनेवाले अतिथियों, भाविकों, शिविरार्थियों के निवास हेतू इसे प्रयोग में लाया जाएगा। इसकी तीनों मंज़िलों पर २४० चौरस फीट के कुल २७ कमरे बनाए जाएँगे। प्रत्येक कमरे में ३ से ४ लोगों के निवास की आरामदायी व्यवस्था रहेगी। प्रत्येक कमरे में स्नानगृह तथा प्रसाधन गृह की व्यवस्था होगी।

निवासी शिबिरों के आयोजनों में, वार्षिक सांप्रदायिक कार्यक्रमों में, बड़ी मात्रा में उपस्थित, पूरे भारतवर्ष से पधारने वाले भाविकों की निवास व्यवस्था इस 'भक्त निवास' के निर्माण के माध्यम से पूरी की जाएँगी।



| | |
|---|---|
| ■ **भक्त निवास** | **20,800 Sq.Ft.** |
| • प्रशासकिय ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |
| • निवास पहली मंजिल ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |
| • निवास दूसरी मंजिल ९ कक्ष | 240 Sq.Ft./Room |




उर्जामयी 'संत निवास'

# संत निवास

संत-महंतों तथा महात्माओं के निवास हेतु विशेष रूप से **'संत-निवास'** नामक स्वतंत्र इमारत का निर्माण किया जाएगा। जहाँ संत और गुरुजनों के रहन-सहन, खान-पान के नियमों को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की जाएगी। उनके लिए पवित्र एवं मंगलमय वातावरण को बनाए रखते हुए, उनकी साधना में कोई हस्तक्षेप न हो, इसका खयाल रखना और उनके नियमों के अनुसार अनुशासनपूर्ण व्यवस्था का निर्माण करना, इन प्रमुख उद्देश्यों से ही इस स्वतंत्र संत निवास को साकार किया जाएगा। इसमें बननेवाले हर कमरे में आधुनिक प्रसाधन गृह की स्वतंत्र रूप से व्यवस्था की जाएगी।

**विशेषता :** इस इमारत में एक सुसज्जित सभागृह (मीटिंग हॉल), तथा साधना कक्ष का भी निर्माण किया जाएगा। इसकी निचली मंजिलपर कुल ३४० स्के.फुट के ६ कमरे होंगे जिसमें


१) श्री सत्पंथ का प्रशासकीय कार्यालय : कार्यालयीन व्यवस्था तथा व्यवस्थापन हेतु इस कार्यालय का निर्माण होगा ।

२) मीटिंग हॉल / सभा भवन : संस्थान के संचालकों की मिटींग, तथा संतों के दर्शन हेतु पधारनेवाले भक्तों की सुविधा के लिए एक सभा भवन का भी निर्माण इस मंज़िल पर किया जाएगा।

३) महाराज श्री का निवास : धाम की प्रत्यक्ष निगरानी करने तथा सारे परिसर की व्यवस्था पर ध्यान रखने हेतु स्वयं महाराज श्री के निवास की व्यवस्था इसी इमारत में की जाएगी।

संत निवास के पहली व दुसरी मंजिल पर विभिन्न संप्रदायों के पधारे संतों, गुरूजनों के निवास हेतु व्यवस्था की जाएगी। इमारत की दोनों ही मंज़िलों पर ३४० स्के.फुट के कुल १२ विशाल कमरों का निर्माण किया जाएगा। हर कमरे में स्वतंत्र रूप से स्नान एवम प्रसाधन गृह बनाए जाएँगे।

| | |
|---|---|
| ■ **संत निवास** | **8100 Sq.Ft.** |
| • प्रशासकिय ६ कक्ष | 340 Sq.Ft./Room |
| • निवास पहली मंजिल ६ कक्ष | 340 Sq.Ft./Room |
| • निवास दूसरी मंजिल ६ कक्ष | 340 Sq.Ft./Room |






खुले प्रांगण में बसा 'ॲम्पीथिएटर'

## ॲम्पीथिएटर

विशाल और खुले विविध आयोजनों के लिए सुविधापूर्ण ॲम्पीथिएटर ७३०० चौरस फीट क्षेत्र में बनाया जाएगा। जिसमें १००० लोग एकसाथ बैठ पाएँगे। यहाँ २५ बाय १२ फीट का मंच (स्टेज) भी बनाया जाएगा जिसमें आधुनिक ध्वनि तथा प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

## इसके साथ साथ

सारे परिसर को सुंदर पेड़-पौधों और हरियाली से सजाया जाएगा, जो कि २५००० स्के.फीट कुल परीसर है। सेंट्रल कोर्ट यार्ड परिसर के बीच में बनवाया जाएगा। जिसमें लोग घूम फिर कर निसर्ग सान्निध्य प्राप्त कर सकेंगे, योगासन-प्राणायाम आदि के लिये अलग अलग डोम बनाए जाएँगे,भाविकों-अतिथियों के लिए यहाँ जॉगिंग ट्रॅक बनायेंगे। वातावरण को उल्लसित करनेवाले पानी के सुंदर फव्वारेऔर शोभायमान वॉटर बॉडिज भी इस कोर्ट यार्ड के इर्द गिर्द बनवायी जाएँगी।



■ ॲम्पीथिएटर 7,300 Sq.Ft.

## अन्य योजनाकी विशेषताएँ

- हरित निर्माण नियमों के आधार पर इसकी निर्मिति (ग्रीन बिल्डिंग)
- धाम के छत और खुली जगहों पर सोलार पॅनल्स
- धाम के अंतर्गत रास्तों के स्ट्रीट लाईट्स और इमारतों की बिजली के प्रमुख स्रोत सौर उर्जा पर आधारित • रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली • आकर्षक और सुंदर लँडस्केपिंग

## सभी महानुभावों को विनम्र निवेदन...

अच्छे उद्देश्यों को लेकर चल पड़े है ...
पवित्र संकल्प और शुद्ध हेतु से ।
मुझ अकेले से नहीं होगा और चंद लोगों से भी नहीं होगा...
सहायता हम सभी को करनी होगी।
अतः इस सत्कार्य में हृदय खोल कर सहयोग देवें ।

"झोली फैलाई है कार्य यज्ञ की ..... आहुति चाहे आप जो भी डाले
अर्थ, कर्म या सेवा जो कुछ ..... शुद्ध भाव से ही चढावें!"

**धन्यवाद!**



महामंडलेश्वर स्वामी श्री जनार्दन हरिजी महाराज



## सत्पंथ रथ के सारथी...
## संचालक मंडली !

अध्यक्ष – **श्री जनार्दन गुरू जगन्नाथ महाराज,** फैजपूर
उपाध्यक्ष – **श्री माणिकचंद रुपचंद महाजन,** धानोरा
सचिव – **श्री संजीव किसन महाजन,** चिनावल
**श्री विजय जगन्नाथ पाटील,** निंबोल
**श्री सुनिल हरिभाऊ मोरे,** चापोरा
**श्री अनिल बाबुराव पाटील,** विटवा
**श्री गणेश गोपाळ महाजन,** खडका
**श्री मिलींद हिरामण भिरूड,** पुणे
**श्री भुजंग तेजराव पवार,** औरंगाबाद
**श्री हेमंत यादव झोपे,** जलगांव
**श्री चतुर प्रल्हाद महाजन,** उटखेडा

Exemption under section 80 G
पंजिकरण क्र. महा/इ-1446/जलगांव
PAN No. AAQTS 33491

## निष्कलंक धाम निर्माण तपशिल

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **तुलसी भवन** - 30,900 Sq.Ft. | | |
| अ | निचली मंजिल | | |
| | 1. सत्पंथ दर्शन | हॉल 1 | 6110Sq.Ft. |
| | 2. प्रसादालय | हॉल 1 | 6110Sq.Ft. |
| ब | पहली मंजिल | | |
| | 1. रंगमंदिर | हॉल 1 | 9100Sq.Ft. |
| | 2. ग्रीन रुम्स | कक्ष 2 | 350Sq.Ft./Room |
| क | दूसरी मंजिल कक्ष | कक्ष 4 | 320Sq.Ft./Room |
| | तिसरी मंजिल कक्ष | कक्ष 4 | 320Sq.Ft./Room |
| | **संगीत महाविद्यालय** -13,100 Sq.Ft. | | |
| अ | निचली मंजिल | कक्ष 6 | 330Sq.Ft./Room |
| ब | पहली मंजिल क्लास रुम | कक्ष 6 | 330Sq.Ft./Room |
| क | दूसरी मंजिल ऑडीटोरियम | हॉल 1 | 3100Sq.Ft./Room |
| | **पंचकर्म चिकित्सालय** -10,400 Sq.Ft. | | |
| अ | निचली मंजिल | | |
| | कन्सल्टींग/ट्रिटमेंट कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room. |
| ब | पहली मंजिल-व्हिजीटर कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| क | दूसरी मंजिल-व्हिजीटर कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| | **आनंदाश्रम** -10,400 Sq.Ft. | | |
| अ | निचली मंजिल | | |
| | ऑफिस / कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| ब | पहली मंजिल - आराम कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| क | दूसरी मंजिल - आराम कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| | **भक्त निवास** - 20,800 Sq.Ft. | | |
| अ | निचली मंजिल - व्हिजीटर कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| ब | पहली मंजिल - व्हिजीटर कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| क | दूसरी मंजिल - व्हिजीटर कक्ष | कक्ष 9 | 240Sq.Ft./Room |
| | **संत निवास** - 8,100 Sq.Ft. | | |
| अ | निचली मंजिल | | |
| | ॲडमिनीट्रेशन ऑफिस | कक्ष 6 | 340Sq.Ft./Room |
| ब | पहली मंजिल - आराम कक्ष | कक्ष 6 | 340Sq.Ft./Room |
| क | दूसरी मंजिल - आराम कक्ष | कक्ष 6 | 340Sq.Ft./Room |
| | **ॲम्पीथिएटर** 7,300 Sq.Ft. - क्षमता 1000 व्यक्ति | | |